D. No-343
9/10/2020
Aris Cell

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा (समस्तीपुर) — 848 125, बिहार

पत्रांक— 02 स्था0 / विविध / 28 / 2020 / 1034 / रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा दिनांक 07/10/2020

प्रेषक,

उप कुलसचिव (स्था0)

सेवा में,

सभी अधिष्ठाता एवं निदेशक,
कुलसचिव / नियंत्रक / सभी संस्था प्रधान /
नियंत्री पदाधिकारी, पशुधन इकाई /
सह निदेशक अनुसधान /
सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र,
रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा ।

विषय :— विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक / वैज्ञानिक / पदाधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होंने दिनांक 30.09.2020 तक 50 वर्ष की आयु या 30 वर्षों की विश्वविद्यालय सेवा पूरी कर ली हो से संबंधित सूची उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक / वैज्ञानिक / पदाधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होंने दिनांक 30.09.2020 तक 50 वर्ष की आयु या 30 वर्षों की विश्वविद्यालय सेवा पूरी कर ली हो से संबंधित सूची संलग्न प्रपत्र में भरकर पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करे एवं संलग्न प्रपत्र का सॉफ्ट कॉपी font name – krutidev 10 & font size 14 excel format में ई–मेल आई0डी0— dyregistrar.est@rpcau.ac.in पर अतिशीघ्र भेजी जाए।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाए।

अनु0— यथा उपरोक्त।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 07/10/2020
उप कुलसचिव (स्था0)

कार्बन प्रति— कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव, स्थापना
उक्त पत्र को वेबसाइट पर डालने हेतु प्रभारी पदाधिकारी, एरिस सेल, रा0प्र0के0 वि0कृवि को प्रस्तावित करना चाहेंगे।
ऐरिस सेल
(हस्ताक्षर) 9/10/2020
प्रशासनिक पदाधिकारी

विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक/वैज्ञानिक/पदाधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होंने दिनांक 30.09.2020 तक 50 वर्ष की आयु या 30 वर्षों की विश्वविद्यालय सेवा पूरी कर ली हो से संबंधित सूची

क्र0	नाम	पदनाम	जन्म तिथि	विश्वविद्यालय में योगदान की तिथि	संस्थान/विभाग/ईकाई का नाम (जहाँ कार्यरत हैं)	दि0 30.09.2020 तक की सेवा अवधि	दि0 30.09.2020 को प्राप्त आयु	सेवानिवृति की तिथि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10